# राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में एथलेटिक मीट

आवाज जनादेश कुमारसैन।



शनिवार को राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन द्वारा दरबार मैदान कुमारसैन में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश ढोरटा द्वारा इस वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ विधिवत किया गया। एथलेटिक मीट के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री प्रोफेसर आशीष चौहान ने बताया कि इस दौरान छात्र और छात्रा वर्ग की 100,200 और 1500 मीटर दौड़,शॉट पुट जेवलिन, लंबी कूद और ऊंची कूद इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश ढोरटा ने विद्यार्थियों के जोश कि सराहना करते हुए उन्हें खेलकूद और एथलेटिक्स प्रतिस्पधाओं भी भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से मन और शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है। राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन की इस वार्षिक एथलेटिक्स मीट में विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ राजेश ढोरटा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। आकृति और धीरज ने सबसे ज्यादा पुरस्कार जीते। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन से प्रोफेसर वर्षा वर्मा, डॉ भूषण आजाद,प्रोफेसर आशीष चौहान, प्रोफेसर डिंपल ठाकुर, डॉ संतोष शर्मा, प्रोफेसर वर्षा लीना शर्मा,प्रोफेसर शीनम राजटा के अलावा, होमगार्ड कंपनी कमांडर रोहित पमराल व कॉलेज के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में 16-03-2024 को दरबार मैदान कुमारसैन में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० राजेश ठौरटा द्वारा इस वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ विधिवत किया गया। इस एथलेटिक मीट में छात्र-छात्रा वर्ग को 100, 200 1500 मीटर दौड़, शॉट पुट जैवलिन, लंबी कूद और ऊंची कूद इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस एथलेटिक मीट में आकृति और धीरज ने सबसे अधिक पुरस्कार जीते।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन